भारत सरकार /**GOVERNMENT OF INDIA**
रेलमंत्रालय/ **MINISTRY OF RAILWAYS**
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
**MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI**

**प्रेस विज्ञप्ति**
दिनांक 27.11.2024

## फोर्ज्ड व्हील प्लाण्ट ने 23777 व्हीलों की फोर्जिंग कर पिछले वर्ष का रिकॉर्ड तोड़ा

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली के फोर्ज्ड व्हील प्लाण्ट ने वित्तीय वर्ष 2024–25 में अप्रैल 2024 से 21 नवम्बर 2024 तक 8 माह से भी कम समय में कुल 23777 व्हीलों की फोर्जिंग कर अपने पिछले वित्तीय वर्ष 2023–24 के दौरान की गई कुल 23631 व्हीलों की फोर्जिंग के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। जब से फोर्ज्ड व्हील प्लाण्ट का स्वामित्व आरेडिका को प्राप्त हुआ है आरेडिका प्रशासन फोर्ज्ड व्हीलों के उत्पादन को उच्च आयाम पर ले जाने के लिए प्रयासरत है।

आरेडिका के महाप्रबंधक प्रशांत कुमार मिश्रा ने इस उपलब्धि पर संतोष व्यक्त किया एवं सभी अधिकारियों तथा कर्मचारियों के योगदान की प्रशंसा की, उन्होनें कहा कि यह सभी लोगों के सामूहिक प्रयास से संभव हो पाया है और आगे भी हम इसी तरह लगन के साथ कार्य करते रहेंगे। देश में फोर्ज्ड व्हीलों की उपलब्धता रेलवे में मांग की तुलना में कम है। इसलिए इस कमी को दूसरे देशों से व्हीलों के आयात से पूरा किया जाता है। अब हम स्वंय के निर्मित व्हीलों को अपने कोचों में लगा रहे हैं जिससे श्रम, समय और साधन तीनों की बचत हो रही है।

27/11/2024
(आर एन तिवारी )
**मुख्य जनसंपर्क अधिकारी**